**दिनांक 29 जनवरी, 2024 (सोमवार) को मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में अपरान्ह् 3:30 बजे विश्वविद्यालय सभागार कक्ष संख्या–301 में सम्पन्न प्रवेश समिति की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

1. प्रो0 गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, सीका, आर0एस0डी0उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
2. प्रो0 पी0डी0 पंत, निदेशक, अकादमी / एम0पी0डी0डी0 / कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
3. प्रो0 रेनू प्रकाश, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
4. प्रो0 जीतेन्द्र पाण्डेय, निदेशक, स्कूल ऑफ सी0एस0आई0टी0, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
5. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
6. श्री आशुतोष भट्ट, निदेशक आई0सी0टी0 / उप परिक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, आमंत्रित सदस्य।
7. डॉ0 सुमित प्रसाद, प्रवेश प्रभारी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।

प्रवेश समिति की बैठक आरम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सदस्य सचिव, प्रवेश प्रभारी, द्वारा कुलपति / अध्यक्ष महोदय प्रवेश समिति तथा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की चतुर्थ बैठक में स्वागत किया गया।

तदोपरान्त मा0 कुलपति जी द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी कि उनके द्वारा अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रतिभाग न करने पर अत्यन्त रोष भी व्यक्त किया गया।

समस्त सदस्यों के स्वागतोपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मिलित प्रत्येक प्रस्ताव को सदस्य सचिव द्वारा प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। प्रवेश समिति द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्तावों पर निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया :–

06/02/24

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

**प्रस्ताव संख्या 4.1 – प्रवेश समिति की तृतीय बैठक दिनाँक 22/07/2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन ।**

प्रवेश विभाग की तृतीय बैठक दिनाँक 22.07.2022 का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/प्रवेश/26/2016–17, दिनाँक 22.07.2022 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति /संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है।

निर्णय :– प्रवेश समिति द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से तृतीय बैठक दिनांक 27.07.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।

06/02/24

(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव संख्या 4.2 – प्रवेश समिति की तृतीय बैठक दिनाँक 22.07.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

प्रवेश विभाग की तृतीय बैठक दिनाँक 22.07.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही से सदस्य सचिव द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर प्रवेश समिति को विस्तार से अवगत कराया गया।

**निर्णय** :– प्रवेश समिति द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से तृतीय बैठक दिनांक 27.07.2022 की कृत कार्यवाही को अनुमोदन प्रदान किया गया।

06/10/22
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव संख्या 4.3 – ग्रीष्मकालीन सत्र जुलाई, 2023 से विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 लागू कर दी गयी है।**

प्रवेश समिति को स्नातक स्तर पर विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में ग्रीष्मकालीन सत्र जुलाई, 2023 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 लागू किया जाने की सूचना से अवगत कराया गया है, जिसकी समिति द्वारा सराहना की गयी। तत्संबधी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विवरणिका के रूप में प्रकाशित की जा चुकी है।

तद्क्रम में बी0ए0 पाठ्यक्रम में विषय संयोजन की सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 18 पर अंकित है जो ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

निर्णय :– (अ) आगामी सत्र जुलाई, 2024 से NEP पाठ्यक्रमों में प्रवेश में विषय संयोजन की व्यवस्था निम्नवत् रहेगी –

- लोक प्रशासन एवं राजनीति विज्ञान
- शिक्षाशास्त्र एवं मनोविज्ञान
- इतिहास एवं भूगोल
- कर्मकाण्ड एवं ज्योतिष

(ब) छात्रा के द्वारा विषय क्रेडिट के अनुरूप सत्री कार्य किये जा रहे हैं जो कि निम्नवत् हैं –

- 2 क्रेडिट – एक सत्रीय कार्य
- 4 क्रेडिट – दो सत्रीय कार्य
- 6 क्रेडिट – तीन सत्रीय कार्य

(स) चूँकि विश्वविद्यालय वेबसाइट में प्रकाशित विंवरणिका (जुलाई 2023) में परिवर्तन किये जाने हैं अतः निर्णय लिया गया कि सत्र जुलाई 2023 की विवरणिका के मुद्रण के कार्य को रोक दिया जाए तथा विवरणिका को परिवर्तित कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए।

निदेशक अकादमिक

06/07/24
(प्रभारी प्रवेश)

**प्रस्ताव संख्या 4.4 – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त एवं दूरस्थ ज्ञान अर्जन कार्यक्रम और ऑनलाईन कार्यक्रम) विनियम, 2020 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों का सत्यापन/परीक्षण।**

प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदन फार्मों का परीक्षण सभी अध्ययन केन्द्रो द्वारा अधिकतम 30 दिन के भीतर किया जायेगा तथा तत्संबधी आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

सम्पूर्ण परीक्षण कार्य संपन्न न होने तक अध्ययन केन्द्रों को दिये गये एस0आई0एस0 लॉगिन स्क्रीन पर एक पॉप–अप बॉक्स प्रतिदिन प्रदर्शित होगा, जिसमें उनको परीक्षण कार्य सम्पन्न करने हेतु अनुस्मरण कराया जायेगा।

**कार्यवाही – (आई0सी0टी0 अनुभाग एवं संबधित सहायक क्षेत्रीय निदेशक)**

समस्त विभागो द्वारा अपने स्तर पर एक शिकायती प्रकोष्ठ (GRIEVANCE CELL) का गठन किया जायेगा।

**कार्यवाही – (समस्त विभागाध्यक्ष)**

**निर्णय** :– समिति द्वारा आपसी विचार–विमर्श के उपरान्त कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा आवेदन फार्मों के परीक्षण कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों का समय दिया गया, जिसके उपरान्त ही अध्ययन केन्द्रों को अग्रिम धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी।

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

06/07/24
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

प्रस्ताव संख्या 4.5 – एक छात्र द्वारा एक सत्र में 02 भिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु नियमावली का निर्माण किया जाना।

यू0जी0सी0 डी0ओ0 पत्र क्रमांक–1–6/2007(CPP-II) (NEW) दिनांक 13 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में आगामी सत्र जुलाई 2024 से शिक्षार्थी एक समय में एक से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु निम्नलिखित प्रावधानों से आच्छादित होंगे:–

- एक समय मे दो से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं लिया जा सकता।
- एक समय में दो स्नातक या दो परास्नातक पाठ्यक्रमों को एक साथ कर सकता है तथा एक पारम्परिक पाठ्यक्रम के साथ केवल एक व्यवसायिक पाठ्यक्रम ही कर सकेगा।
- शिक्षार्थी एक स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ एक डिप्लोमा अथवा सटिर्फिकेट पाठ्यक्रम कर सकता है।
- एक समय में एक सर्टिफिकेट एवं एक डिप्लोमा कर सकेगा।

निर्णय :– प्रस्ताव संख्या–4.5 के अनुरूप एक सत्र में दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रस्तावित प्रावधानों को प्रवेश समिति में स्वीकृति प्रदान की।

06/02/24
निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

06/02/2024
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

**प्रस्ताव संख्या 4.6 – प्रवेश विभाग द्वारा छात्रों की सुविधा हेतु कतिपय प्रक्रियाएं ऑनलाईन की गयी, जिसकी सूचना प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत है।**

सदस्य सचिव द्वारा छात्रों की सुविधा हेतु कतिपय प्रक्रियाएं यथा– प्रवेश–फार्म परीक्षण, बोनाफाईड प्रमाण–पत्र, Medium of Instruction certificate, पाठ्यक्रम व विषय परिवर्तन, ऑनलाईन कर दी गयी है, जिसकी समिति द्वारा प्रशंसा की गयी।

निर्णय :– प्रस्तावित प्रक्रियाओं का संचालन ऑनलाईन रूप से किया जाए तथा छात्रों की सुविधा हेतु एक FAQ की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाए।

06/05/24
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

(56)

**प्रस्ताव संख्या 4.7 – शुल्क वापसी, पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु आवेदन का समय निर्धारण।**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि छात्रों द्वारा शुल्क वापसी, प्रवेश निरस्त एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु आवेदन किया जाता है। वर्तमान में इस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि, प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि से 02 माह का समय निर्धारित है, जो अत्यधिक है अतः इसे 30 दिन किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णय :–** समिति द्वारा विचारोपरान्त शुल्क वापसी, प्रवेश निरस्त एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि से 02 माह से घटाकर 30 दिन करने का निर्णय लिया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से ही किया जाएगा, जिससे छात्रों को शुल्क वापसी में होने वाले विलम्ब को कम किया जा सकता है।

06/…
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव संख्या 4.8 – पुनः पंजीकरण हेतु समय निर्धारण।**

प्रायः देखा जाता है कि छात्रों द्वारा लगभग 8–10 वर्षों के उपरान्त पुनः पंजीकरण हेतु आवेदन किया जाता है, जिससे उनकी लिखित परीक्षाएं व प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने में कठिनाई होती है, अतः पुनः पंजीकरण हेतु अधिकतम समय–सीमा का निर्धारण किये जाने पर विचार किया गया।

**निर्णय :–** समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि चूँकि विश्वविद्यालय UGC-DEB की नियमावली से आच्छादित होता है अतः पुनः पंजीकरण हेतु UGC-DEB ODL Regulations का अनुपालन किया जाए।

26/02/24
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

(54)

प्रस्ताव संख्या 4.9 – कतिपय विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संचालन में Major व Minor में प्रवेश शुल्क में भिन्नता।

**4.9.1** सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कतिपय विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संचालन में Major व Minor में भिन्नता पायी गयी है, अतः जिन विषयों के Minor प्रोग्राम में प्रयोगात्मक परीक्षा होती हैं उनमें प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क लिया जाना अनिवार्य करने पर विचार किया जाना है।

**4.9.2** एम0ए0 (पर्यावरण विज्ञान) का पाठ्यक्रम शुल्क अन्य एम0ए0 के पाठ्यक्रम शुल्क से अधिक है चूँकि एम0ए0 (पर्यावरण विज्ञान) में प्रयोगात्मक विषय नहीं है अतः एम0ए0 (पर्यावरण विज्ञान) का पाठ्यक्रम शुल्क अन्य एम0ए0 के पाठ्यक्रमों के समान किया जा सकता है।

**4.9.2** SEC पाठ्यक्रम के संचालन में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी शुल्क रू0 500 भी सम्मिलित किया जाना है।

निर्णय :– **4.9.1** यथास्थिति से अवगत होते हुए समिति द्वारा ऐसे सभी विषय जिनमें Major व Minor प्रोग्राम में प्रयोगात्मक परीक्षाों का संचालन होता है में प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क लिए जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

निर्णय :– **4.9.2** एम0ए0 (पर्यावरण विज्ञान) का पाठ्यक्रम शुल्क को अन्य एम0ए0 के पाठ्यक्रमों के समान निर्धारित किया जाए।

निर्णय :– **4.9.3** SEC पाठ्यक्रम हेतु रू0 500 प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क के रूप में जोडा जाए।

उपरोक्त निर्णय 4.9.1, 4.9.2 एवं 4.9.3 को वित्त समिति के समक्ष सहमति प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्तुत करना होगा।

06/04/24

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139

(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

(53)

**प्रस्ताव संख्या 4.10 – प्रवेश शुल्क के निर्धारण हेतु समिति का गठन किया जाना।**

कतिपय विषयों में प्रवेश शुल्क में भिन्नता व कतिपय विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क का न होने पर शुल्क का पुनः निर्धारण किये जाने हेतु समिति का गठन मा0 कुलपति जी के आदेशों के क्रम में किये जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया।

निर्णय :– मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा इस हेतु प्रवेश शुल्क निर्धारण हेतु एक समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया, जिससे की भविष्य में भी पाठ्यक्रम शुल्क निर्धारण में एकरूपता रहे।

06/02/24
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव संख्या 4.11– अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई प्रकरण।**

**प्रस्ताव संख्या 4.11.1 अकादमिक कलैण्डर प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाना।**

निर्णयः– मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि प्रत्येक वर्ष अकादमिक कलैण्डर प्रकाशित किया जाएगा, जिससे सम्बन्धित कार्यवाही परीक्षा विभाग से अपेक्षित है।

**कार्यवाही – (परीक्षा विभाग)**

**प्रस्ताव संख्या 4.11.2 यूनिवर्सिटी इन्डस्ट्री सैल की बैठक दिनांक 28.01.2024 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

निर्णयः– विश्वविद्यालय में समिति द्वारा यूनिवर्सिटी इन्डस्ट्री सैल की बैठक दिनांक 28.01.2024 के कार्यवृत्त को प्रवेश समिति से अनुमोदन प्रदान किया। **(कार्यवृत्त संलग्न–'क')**

**प्रस्ताव संख्या 4.11.3 समर्थ पोर्टल का अंगीकार।**

निर्णयः– निदेशक अकादमिक द्वारा अवगत कराया गया कि SAMARTH पोर्टल में विश्वविद्यालय के अनुरूप मॉड्यूल उपलब्ध नहीं है तथापि SAMARTH पोर्टल के कुछ मॉड्यूल अपनाए जा सकते हैं।

सदस्यों से विचारा–विमर्श के उपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा कुछ मॉड्यूल यथा – वित्त, प्रशासन, अवकाश, नियुक्तियाँ आदि को अंगीकार किये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 4.11.4 छात्रों को SLM उपलब्ध कराया जाना।**

निर्णयः– UGC ODL Regulation, 2020 में SLM की परिभाषा को सन्दर्भित करते हुए मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि छात्रों को अधिक मात्रा में **E-SLM** लिये जाने हेतु प्रेरित किया जाए। प्रवेश आवेदन पत्र भरते समय छात्र को स्वतः ही यह चयन दिया जाए, तदोपरान्त यदि छात्र Print SLM ही चाहता है तो उसे इस हेतु पृथक से,

आवेदन करना होगा। जिन छात्रों द्वारा eslm का विकल्प चुना जा रहा है उन्हें पाठ्यक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उक्त प्रस्ताव पर आगामी वित्त समिति से भी अनुमति प्राप्त की जानी होगी।

कार्यसूची में सूचीबद्व समस्त प्रस्तावों एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार–विमर्श एवं अनुमोदनोपरान्त प्रवेश समिति के सदस्य सचिव/प्रवेश प्रभारी द्वारा सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

06/02/24

(प्रो0 पी0डी0 पंत)
सदस्य
निदेशक अकादमिक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) 263 139
उत्तराखण्ड

(डॉ0 सुमित प्रसाद)
सदस्य सचिव
(प्रभारी प्रवेश)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

(प्रो0 ओ0पी0एस0नेगी)
अध्यक्ष
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)